अर्थ प्रकाश 26/7/2026

# एसडी कॉलेज में 1995 बैच के एल्युमनी ने निभाई अपनी जिम्मेदारी, पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** अपने कॉलेज के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एल्युमनी एसोसिएशन (1995 बैच) ने शनिवार को ग्रीन कैंपस कमेटी के सहयोग से पौधारोपण अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विस्तार का संकल्प लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसके एल्युमनी होते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूर्व विद्यार्थी अपने कॉलेज के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तो यह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनता है। पौधारोपण जैसे अभियान न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना भी मजबूत करते हैं।

अभियान का शुभारंभ डॉ. पूजा सरीन, डीन कल्चरल अफेयर्स, ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। पौधारोपण अभियान में 1995 बैच के एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने मिलकर कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस पहल ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि कॉलेज और उसके एल्युमनी के बीच वर्षों पुराने रिश्तों को भी और मजबूत किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मीनू गुप्ता, डीन एल्युमनी रिलेशंस, तथा डॉ. ज्योति जोशी, ग्रीन कैंपस कमेटी की समन्वयक, ने किया। इस अवसर पर जीजीडीएसडी कॉलेज एल्युमनी एसोसिएशन (1995 बैच) के सदस्यों ने कहा कि जिस संस्थान ने उन्हें शिक्षा और पहचान दी, उसके विकास में योगदान देना उनके लिए गर्व की बात है।

चंडीगढ़ केसरी 26/7/2026

**पौधारोपण अभियान : एस.डी. कॉलेज में 1995 बैच के एल्युमनी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

# पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है: डॉ. पूजा सरीन



*एस.डी. कॉलेज में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 1995 बैच के एल्युमनी।*

चंडीगढ़, 25 जुलाई (रश्मि हंस) : अपने कॉलेज के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज (एस.डी.) के एल्युमनी एसोसिएशन (1995 बैच) ने शनिवार को ग्रीन कैंपस कमेटी के सहयोग से पौधारोपण अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विस्तार का संकल्प लिया।

अभियान का शुभारंभ डॉ. पूजा सरीन डीन कल्चरल अफेयर्स ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। पौधारोपण अभियान में 1995 बैच के एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने मिलकर कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस पहल ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि कॉलेज और उसके एल्युमनी के बीच वर्षों पुराने रिश्तों को भी और मजबूत किया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसके एल्युमनी होते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूर्व विद्यार्थी अपने कॉलेज के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तो यह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनता है। पौधारोपण जैसे अभियान न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मीनू गुप्ता, डीन एल्युमनी रिलेशंस तथा डॉ. ज्योति जोशी, ग्रीन कैंपस कमेटी की समन्वयक ने किया। इस अवसर पर जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज एल्युमनी एसोसिएशन (1995 बैच) के सदस्यों ने कहा कि जिस संस्थान ने उन्हें शिक्षा और पहचान दी, उसके विकास में योगदान देना उनके लिए गर्व की बात है।

चण्डीगढ केसरी
27/7/2026

# सैक्टर-33 के सरकारी स्कूल में मनाया वन महोत्सव और जामुन दिवस

चंडीगढ़, 26 जुलाई (आशीष): इन्वायरमेंट सोसायटी ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ ने सैक्टर-33 स्थित गवर्नमैंट मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सैक्टर-33-डी में इनर व्हील क्लब के सहयोग से वन महोत्सव एवं जामुन दिवस मनाया। इस अवसर पर जामुन सहित विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या रुपिंदर चावला द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उन्होंने इन्वायरमेंट सोसायटी ऑफ इंडिया तथा इनर व्हील क्लब, चंडीगढ़ की अध्यक्ष पूनम शर्मा और उनके साथ आए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज की रीढ़ हैं।

ऐसे में उन्हें पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से जामुन जैसे देशी फलों के स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, अतिथियों और गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सैक्टर-32, चंडीगढ़ के इंटर्न विद्यार्थियों को प्राकृतिक रूप से पके हुए ताजे जामुन वितरित किए गए।

चंडीगढ़ सवेरा 26/7/2026

# एसडी कॉलेज में 1995 बैच के एल्युमनी ने निभाई अपनी जिम्मेदारी, पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सवेरा न्यूज/नीना**

चंडीगढ़, 25 जुलाई : अपने कॉलेज के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 कॉलेज के एल्युमनी एसोसिएशन 1995 बैच ने शनिवार को ग्रीन कैंपस कमेटी के सहयोग से पौधारोपण अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विस्तार का संकल्प लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसके एल्युमनी होते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूर्व विद्यार्थी अपने कॉलेज के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तो यह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनता है। पौधारोपण जैसे अभियान न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना भी मजबूत करते हैं।



कॉलेज में पौधारोपण करते हुए छात्र।

अभियान का शुभारंभ डॉ. पूजा सरीन, डीन कल्चरल अफेयर्स ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। पौधारोपण अभियान में 1995 बैच के एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने मिलकर कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

दैनिक जागरण 27/7/2026

# ग्रीन कैंपस अभियान में 1995 बैच के एलुमनी ने दिया योगदान

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : एसडी कालेज सेक्टर-32 के 1995 बैच के एलुमनी ने ग्रीन कैंपस अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने कालेज परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर एलुमनी, शिक्षक, विद्यार्थी और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने लगभग 50 पौधे रोपे। कालेज प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा ने कहा कि इस तरह की पहल न केवल कैंपस को हरा-भरा बनाएगी, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। पौधारोपण से परिसर की हरियाली बढ़ती है। अभियान का शुभारंभ डीन कल्चरल अफेयर्स डा. पूजा सरीन ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।



एसडी कालेज सेक्टर-32 में एलुमनी पौधारोपण करते हुए • स्वतः

दैनिक ट्रिब्यून 26/7/2026

# एसडी कॉलेज में किया पौधारोपण

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 25 जुलाई (हप्र)

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एल्युमनी एसोसिएशन के 1995 बैच ने शनिवार को ग्रीन कैंपस कमेटी के सहयोग से पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। एल्युमनी के साथ शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भी इसमें भाग लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों का कॉलेज के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में योगदान वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

अभियान का शुभारंभ डॉ. पूजा सरीन, डीन कल्चरल अफेयर्स ने किया। अभियान का समन्वय डॉ. मीनू गुप्ता, डीन एल्युमनी रिलेशंस और डॉ. ज्योति जोशी ने किया।

दिव्य हिमाचल 26/7/2026

# एसडी कालेज में पर्यावरण बचाने का संदेश



**चंडीगढ़। पौधा रोप पर्यावरण बचाने का संदेश देता एसडी कालेज का स्टाफ**

चंडीगढ़। अपने कॉलेज के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एल्युमनी एसोसिएशन 1995 बैच ने शनिवार को ग्रीन कैंपस कमेटी के सहयोग से पौधारोपण अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एल्युमनी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गैर शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विस्तार का संकल्प लिया। कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसके एल्युमनी होते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूर्व विद्यार्थी अपने कॉलेज के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तो यह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनता है।.पौधारोपण जैसे अभियान न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाते हैंए बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना भी मजबूत करते हैं। अभियान का शुभारंभ डा. पूजा सरीन, डीन कल्चरल अफेयर्सए ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है।